मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 10

अनुक्रमांक :....................................

नाम ..............................................

901

**801 (ZA)**

**2024**

**हिन्दी**

gyansindhuclasses.com

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

निर्देश :

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii. इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड खण्ड अ तथा खण्ड ब हैं।

iii. खण्ड - अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर देने हैं।

iv. खण्ड - अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा हाइटनर का प्रयोग न करें।

v. प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं। खण्ड ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। खण्ड ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

vi. प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

---

खण्ड-'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1.' आकाश दीप, आंधी, इंद्रजाल ' कहानी संग्रह के लेखक हैं: 1

(A) मुंशी प्रेमचन्द

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) यशपाल

(D) चतुरसेन शास्त्री

2. 'आचार्य रामचन्द्र शुक्ल' की कृति है : 1

(A) 'रस-मीमांसा', त्रिवेणी, विचारवीथी

(B) 'त्यागपत्र', परख, सुनीता

(C) 'कल्पलता', कुटज, अशोक के फूल

(D) 'क्या भूलूँ, क्या याद करूँ?, नीड़ का निर्माण फिर

3. 'जीवनी' विधा की रचनाएं है : 1

(A) कलम का सिपाही, आवारा मसीहा

gyansindhuclasses.com

(B) भारत दुर्दशा, ध्रुवास्वामिनी

(C) चन्द्रगुप्त, स्कंदगुप्त

(D) गोदान, कर्मभूमि

4. 'परीक्षा-गुरु' किस गद्य-विधा की रचना है : 1

(A) नाटक

(B) निबन्ध

(C) उपन्यास

(D) कहानी

5. 'साहित्यालोचन' एवं साहित्यावलोकन के लेखक हैं: 1

(A) श्यामसुन्दर दास व रामचन्द्र शुक्ल

(B) श्यामसुन्दर दास व विनयमोहन शर्मा

(C) डॉ० नगेन्द्र व बच्चन सिंह

(D) बच्चन सिंह व विनयमोहन शर्मा

6. 'तार सप्तक' के कवि हैं: 1

(A) अज्ञेय

(B) रामविलास शर्मा

(C) भारतभूषण अग्रवाल

(D) उपर्युक्त सभी

7. 'ब्राह्मण' पत्रिका के सम्पादक कौन थे? 1

gyansindhuclasses.com

(A) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

(C) प्रतापनारायण मिश्र

(B) यशपाल

(D) महादेवी वर्मा

8. 'द्विवेदी युग' की प्रमुख विशेषता है : 1

(A) नीति और आदर्श

(B) रहस्यवाद

(C) संकुचित राष्ट्रीयता

(D) शोषण का विरोध

9. 'बिहारी ' द्वारा प्रयुक्त मुख्य छन्द है : 1

(A) दोहा

(B) सोरठा

(C) रोला

(D) चौपाई

10. 'दीपशिखा, सांध्यगीत, यामा, संधिनी रचनाएं है : 1

(A) जयशंकर प्रसाद की

(B) महादेवी वर्मा की

(C) सुमित्रानंदन पन्त की

(D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की

gyansindhuclasses.com

11. शोक नामक स्थायी भाव किस रस का है: 1

(A) वीर

(B) करुण

(C) हास्य

(D) श्रृंगार

12. मणि खोए भुजंग सी जननी फन-सा पटक रही थी सीस। पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ? 1

(A) रूपक

(B) उत्प्रेक्षा

(C) उपमा

(D) करुण

13. 'किस छन्द के प्रत्येक चरण में 24-24 मात्राएँ होती हैं? 1

(A) दोहा

(B) रोला

(C) सोरठा

(D) चौपाई

14. 'सहपाठी' में उपसर्ग है- 1

(A) सह

(B) सु

(C) पाठी

(D) सा

15. कौन-सा शब्द रूप तीनों लिंगों में एक समान बनता है: 1

gyansindhuclasses.com

(A) तयोः

(B) तस्यै

(C) ताभ्यः

(D) तस्मिन्

16. 'द्विगु समास' किस पद में है? 1

(A) राजा-रानी

(B) पाप-पुण्य

(C) चौराहा

(D) विशेषण-विशेष्य

17. 'गंगा' का पर्यायवाची शब्द है : 1

(A) भागीरथी

(B) घोड़ा

(C) इन्द्र

(D) कुबेर

18. 'उसे नौकरी से घृणा नही होनी चाहिए।' रचना की दृष्टि से वाक्य भेद है: 1

(A) निषेधवाचक

(B) सरल वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) मिश्र वाक्य

19. वाच्य का सम्बन्ध है : 1

(A) कर्म के रूप से

(B) क्रिया के रूप से

(C) कर्ता के रूप से

(D) काल के रूप से

gyansindhuclasses.com

20. वाक्य में स्थित पदों का व्याकरणिक परिचय कहलाता है : 1

(A) पदबंध

(B) पद-समूह

(C) पद-परिचय

(D) पद-स्थिति

## खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2+2+2=6

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। वह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो यह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-

दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जाएगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो इसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जाएगी।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) युवा पुरुष की बुरी तथा अच्छी संगति का क्या प्रभाव पड़ता है?

अथवा

रोहतास-दुर्ग के प्रकोष्ठ में बैठी हुई युवती ममता, शोण के तीक्ष्ण गम्भीर प्रवाह को देख रही है। ममता विधवा थी। उसका यौवन शोण के समान ही उमड़ रहा था। मन में वेदना, मस्तक में आँधी, आँखों में पानी की बरसात लिए, वह सुख के कंटक-शयन में विकल थी। वह रोहताश्व दुर्गपति मन्त्री चूड़ामणि की अकेली दुहिता थी, फिर उसके लिए कुछ अभाव होना असम्भव था।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) ममता कौन थी और उसकी क्या स्थिति थी?

22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित दिए गए तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2=6

सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी हैं जानकी जानी भली।
तिरछे करि नैन दे सैन तिन्हें, समुझाइ कछू मुसकाइ चली।।
तुलसी तेहि औसर सोहैं सबै, अवलोकति लोचन-लाहु अली।
अनुराग-तड़ाग में भानु उदै, बिगसीं मनो मंजुल कंज-कली।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

gyansindhuclasses.com

(iii) अनुराग-तड़ाग' में कौन-सा अलंकार है?

अथवा

जाति-धर्म या सम्प्रदाय का, नहीं भेद-व्यवधान यहाँ,
सबका स्वागत, सबका आदर, सबका सम सम्मान यहाँ।
राम, रहीम, बुद्ध, ईसा का सुलभ एक सा ध्यान यहाँ।
भिन्न-भिन्न भव संस्कृतियों के गुण-गौरव का ज्ञान यहाँ।

gyansindhuclasses.com

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) 'सबका सम सम्मान यहाँ' में कौन-सा अलंकार है?

23. निम्नलिखित संस्कृत गद्यावतरणों में से किसी एक अवतरण का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+3=5

दुर्मुख! द्वितीयः कशाघातः । (दुर्मुखः पुनः ताडयति।) ताडितः चन्द्रशेखरः पुनः पुनः 'भारतं जयतु' इति वदति। (एवं स पञ्चदशकशाघातैः ताडितः) यदा चन्द्रशेखरः कारागारात् मुक्तः बहिः आगच्छति, तदैव सर्वे जनाः तं परितः वेष्टयन्ति, बहवः बहवः बालकाः तस्य पादयोः पतन्ति, तं मालाभिः अभिनन्दयन्ति च।

अथवा

भारतीया संस्कृतिः तु सर्वेषां मतावलम्बिनां सङ्गमस्थली। काले काले विविधाः विचाराः भारतीय संस्कृतौ समाहिताः। एषा संस्कृतिः सामासिकी संस्कृतिः यस्याः विकासे विविधानां जातीनां, सम्प्रदायानां, विश्वासानाञ्च

योगदानं दृश्यते। अतएव अस्माकं भारतीयानाम् एका संस्कृतिः एका च राष्ट्रियता।

24. निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का हिन्दी में सन्दर्भ सहित अनुवाद कीजिए:2+3=5

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्।।

अथवा

मानं हित्वा प्रियो भर्वाती क्रोधं हित्वा न शोचति ।
कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।

gyansindhuclasses.com

25. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार परनिम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए : 3

(क) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के 'मेघनाद का अभियान' खण्ड की कथावस्तु लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघनाद' का चरित्र-चित्रण लिखिए।

(ख) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के 'षष्ठ सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' का चरित्रांकन कीजिए।

(ग) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'प्रस्थान' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'राम' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर तृतीय सर्ग 'कौशल्या-सुमित्रा मिलन' की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) (i) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'भामाशाह' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए।"

(च) (i) 'मुक्तिदूत' के आधार पर 'गाँधी जी' का चरित्रांकन कीजिए।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा लिखिए।

(छ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के 'षष्ठ सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर 'चन्द्रशेखर आजाद' का चरित्रांकन कीजिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'संघर्ष' की कथा लिखिए।

(झ) (i) 'ज्योति-जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'ज्योति-जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु, लिखिए।

26. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 3+2=5

(i) जयशंकर प्रसाद

(ii) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय

(iii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

gyansindhuclasses.com

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 3+2=5

(i) सूरदास

(ii) रामनरेश त्रिपाठी

(iii) माखनलाल चतुर्वेदी

gyansindhuclasses.com

27. अपनी पाठ्य-पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

28. अस्वस्थ होने के कारण दो दिन के अवकाश के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4

अथवा

सड़क निर्माण तथा जल भराव की समस्या के निवारण हेतु जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी समाचार पत्र के सम्पादक को एक पत्र लिखिए।

29. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1+1=2

(i) पुरुराज: क: आसीत्?

(ii) वीरः केन पूज्यते?

(iii) समुद्र: केन वर्धते?

(iv) न्यायाधीशः चन्द्रशेखरं कथम् अदण्डयत् ?

30. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :7

(i) खेलकूद का महत्त्व

(ii) स्वच्छता अभियान

(iii) वर्षा ऋतु से लाभ

(iv) भारतीय किसान का जीवन

gyansindhuclasses.com